भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 96

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 21 जुलाई 2025

30 आषाढ़,1947 (शक)

तमिलनाडु पुरातत्व विभाग/एएसआई द्वारा कीलाडी उत्खनन रिपोर्ट

96. डा. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन**:**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अमरनाथ रामकृष्ण के अधीन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई)/तमिलनाडु पुरातत्व विभाग द्वारा तैयार कीलाडी उत्खनन रिपोर्ट की जून, 2025 में प्रस्तुति के बाद सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से समीक्षा की गई थी;

(ख) यदि हां तो सरकार या एएसआई द्वारा उद्धृत उन विशिष्ट कमियों का ब्यौरा क्या है जिनके कारण रिपोर्ट को अस्वीकार किया गया, साथ ही तिथियों और विशेषज्ञों की राय क्या है;

(ग) नौ महीनों के भीतर प्रमुख पुरातत्वविद् के बार-बार स्थानांतरण के पीछे क्या तर्क है और उत्खनन की निरंतरता पर इसका क्या प्रभाव पड़ा; और

(घ) क्या सरकार उत्खनन स्वायत्तता बहाल करने, पूर्ण कीलाडी रिपोर्ट जारी करने और तमिल विरासत और द्रविड़ गौरव की रक्षा के लिए तमिलनाडु सरकार द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों सहित एक संयुक्त विशेषज्ञ पैनल गठित करने के लिए प्रतिबद्ध है ?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री

(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत**)**

(क) और (ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पुरातत्वविदों द्वारा किए गए उत्खनन एक निश्चित अवधि में किए जाते हैं, जिसके दौरान एक से अधिक पुरातत्वविदों ने उत्खनन का नेतृत्व किया होpâÜ। प्रमुख पुरातत्वविद् उत्खनन की एक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं, जिसकी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के विशेषज्ञों द्वारा जाँच की जाती है। प्रमुख उत्खनन पुरातत्वविद् की सहमति से विशेषज्ञों के निष्कर्षों का विधिवत सत्यापन और समावेश करने के बाद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एक आधिकारिक रिपोर्ट जारी करता है। कीझाड़ी उत्खनन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तत्वावधान में किया गया है और प्रमुख पुरातत्वविद् की रिपोर्ट की समीक्षा की जा रही है। विशेषज्ञों की टिप्पणियाँ प्रमुख पुरातत्वविद् के साथ साझा की गई हैं, जिन्हें अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

विशेषज्ञों की टिप्पणियों के अंश अनुबंध में दिए गए हैं। जैसा कि ऊपर उल्लिखित अनुच्छेद में बताया गया है, किसी रिपोर्ट को अस्वीकार करने की कोई प्रथा नहीं है। महत्वपूर्ण स्थलों पर उत्खनन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ-साथ राज्य पुरातत्व विभागों और शैक्षणिक संस्थानों द्वारा भी किया जाता है। वर्तमान में, कीझाड़ी उत्खनन तमिलनाडु राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा किया जा रहा है।

(ग):पुरातत्व अधिकारियों को कार्यों का आवंटन किया जाना एक नियमित प्रशासनिक मामला है।

(घ):देश में उत्खनन प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 और नियमावली 1959 के नियमों के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, कीझाड़ी में उत्खनन के आधार पर सटीक निष्कर्षों को जारी करने के लिए विधि और उचित वैज्ञानिक प्रक्रिया का पालन करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है । वैज्ञानिक रूप से प्रामाणिक रिकॉर्ड के लिए प्रख्यात विशेषज्ञों की राय ली जाएगी और उन्हें शामिल किया जाएगा।

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा में दिनांक **21.07.2025** को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या **96** के भाग **(क)** और **(ख)** के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

विशेषज्ञों के सुझाव के अनुसार :

(क) तीनों अवधियों के नामकरण में परिवर्तन की आवश्यकता है ।

(ख) काल 1 के लिए दी गई 8वीं शताब्दी ईसा पूर्व से 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व की समय अवधि बिल्कुल भी उचित नहीं है।

(ग) अन्य दो कालखंडों का निर्धारण भी वैज्ञानिक एएमएस तिथियों और स्तरीकृत विवरणों को ध्यान में रखते हुए, प्राप्त सामग्री के आधार पर किया जाना चाहिए। हमारे वर्तमान ज्ञान के अनुसार, सबसे प्राचीन काल के लिए, हम अधिक से अधिक यह सुझाव दे सकते हैं कि इसकी उत्पत्ति 300 ईसा पूर्व से पहले हुई थी।

(घ) उपलब्ध वैज्ञानिक तिथियों के लिए, केवल उस गहराई का अनुमान पर्याप्त नहीं हो सकता है जहाँ से नमूना एकत्र किया गया है, बल्कि तुलनात्मक संगति विश्लेषण के लिए परतों को भी चिह्नित किया जाना चाहिए।

गायब विवरण:

- गाँव का नक्शा पुनः बनाया जाना चाहिए
- निहित सामग्री/मानचित्र
- परत
- चित्रकला
- योजना
- रूपरेखा
- कटिंग (खाइयों का स्थान बताने वाली एक योजना/मानचित्र)
- सांस्कृतिक अवधि को निर्दिष्ट रूप से पुनः उन्मुख किया जाएगा
- स्ट्रेटीग्राफी
- चित्रकला
- प्रतिमा-भित्तिचित्र

*****